गोरखपुर से प्रकाशित

RNI Reg. NO. UPBIL/2023/87841

Si न्यूज़

साप्ताहिक

# स्वदेशी इनक्रेडिबल

सिर्फ सच के साथ...

Web:www.sinews.in/E-mail: info@sinews.in

वर्ष : 02 अंक: 48 | गोरखपुर रविवार 11 मई 2025 | मूल्य- 02 रूपया | पृष्ठ - 8

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा और उनकी टीम ने की मुलाकात**

# यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने में विश्व बैंक की अहम भूमिका: योगी आदित्यनाथ



**संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उन्नत प्रदेश बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने ऐतिहासिक पहल करते हुए दो प्रमुख कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। शुक्रवार को विश्व बैंक के सहयोग से उत्तर प्रदेश में यूपी-एग्रीस कार्यक्रम को लागू किया गया। इस कार्यक्रम के जरिए प्रदेश के पूर्वांचल व बुंदेलखंड क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक आधारित खेती को बढ़ावा मिलेगा। इससे कृषि उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी और 10 लाख किसानों को फायदा होगा। इसी प्रकार, योगी सरकार के एक और बड़े प्रोजेक्ट एआई प्रज्ञा का भी शुक्रवार को सीएम योगी द्वारा शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के जरिए उत्तर प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हब के तौर पर स्थापित करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के जरिए प्रदेश में 10 लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न पहलुओं में दक्ष बनाया जाएगा। इन दोनों कार्यक्रम को लॉन्च करते हुए सीएम योगी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश देश की विकास गाथा का पर्याय है, आज सारे विश्व ने मान लिया है कि उत्तर प्रदेश बैरियर नहीं बल्कि भारत का ग्रोथ इंजन है। दोनों ही कार्यक्रम प्रदेश के वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनने का सपना साकार करेंगे। उन्होंने यूपी-एग्रीस प्रोजेक्ट में विश्व बैंक की सहभागिता का आभार जताते हुए कहा कि यूपी-एग्रीस के जरिए प्रदेश के कृषि उत्पादकता को बढ़ाने में मदद मिलेगी जो किसानों की उन्नति का कारण बनेगा।

**वर्ल्ड बैंक ने सदैव किया सहयोग: योगी आदित्यनाथ**

मुख्यमंत्री आवास पर विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा संग मुलाकात के बाद दोनों प्रोजेक्ट्स को लॉन्च करते हुए सीएम योगी ने विश्व बैंक की तारीफ की और सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक हमेशा उत्तर प्रदेश की उन्नति में बड़ा भागीदार बनकर उभरता है। उन्होंने कहा कि चाहे पर्यावरण संरक्षण हो, प्रदेश में टूरिज्म को बढ़ावा देना हो या फिर अवस्थापना से जुड़ी परियोजनाओं का संचालन हो, विश्व बैंक हमेशा से महती भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन कई मायनों में महत्वपूर्ण है।

आज प्रदेश को कृषि और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रयोग के नए युग में प्रवेश कर रहा है। परियोजना है जिसमें से 2737 करोड़ रुपए का ऋण विश्व बैंक द्वारा 6 वर्षों की अवधि के लिए उपलब्ध कराया है। यूपी एग्रीस परियोजना से प्रदेश के किसानों, कृषक संगठनों, मत्यस्य पालकों एवं कृषि क्षेत्र से जुड़ी एमएसएमई इकाइयों को सीधा लाभ होगा। इसके लिए 2737 करोड़ विश्व बैंक लोन देगा जबकि 1166 करोड़ राज्य सरकार का अंश होगा। वहीं लोन वापसी की अवधि 35 वर्ष रखी गयी है, जबकि लोन अमाउंट पर 1.23 प्रतिशत का इंट्रेस्ट लिया जाएगा।

## 48 घंटे के अंदर पाकिस्तान के पास हमला करने की क्षमता नहीं बचेगी : अवधेश प्रसाद

**संवाददाता**

अयोध्या। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा है कि भारतीय सेना



पाकिस्तान की हर नापाक हरकत का मुंहतोड़ जवाब दे रही है। उन्होंने दावा किया कि अगले 48 घंटे के भीतर पाकिस्तान के पास हमला करने की क्षमता नहीं बचेगी। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान को जवाब देने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया हुआ है। इसके तहत पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसके बाद पाकिस्तान ने बौखलाहट में गुरुवार रात भारत की उत्तरी और पश्चिमी सीमा क्षेत्रों पर कई मिसाइल और ड्रोन से हमला किया, जिसको भारत ने हवा में ही नाकाम कर दिया और सख्त जवाबी कार्रवाई भी की। शुक्रवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान सपा सांसद ने कहा कि हमारी सेना का इतिहास बहादुरी और गौरव से भरा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाया पाकिस्तान देश की सीमा पर जवाबी हमला कर रहा है। लेकिन, हमारी वीर सेना के जवान पाकिस्तान के हमले का मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं।

## रक्षा मंत्री ने सेना प्रमुखों के साथ की ऑपरेशन सिंदूर व मौजूदा स्थिति की समीक्षा

**एजेंसी**

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय में एक बेहद

मौजूदा स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में पाकिस्तान के कारण सीमावर्ती इलाकों में उत्पन्न हुई पूरी स्थिति की समीक्षा की



महत्वपूर्ण मीटिंग की। इस बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख यानी वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी व नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे। बैठक में रक्षा सचिव आरके सिंह भी मौजूद रहे। इस बैठक में आतंकवादियों के खिलाफ शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद की

गई। माना जा रहा है कि इस बैठक में आगे की रणनीति और सैन्य तैयारियों पर भी चर्चा हुई। गौरतलब है कि पाकिस्तान ने अब तक भारत के कई सैन्य और नागरिक ठिकानों पर अटैक किया है, जिसे भारतीय सेनाओं ने पूरी तरह से नाकाम कर दिया है। इसके साथ ही भारत ने जबरदस्त जवाबी कार्रवाई भी की है। पाकिस्तान द्वारा किए गए ड्रोन अटैक भी नाकाम किए गए हैं।

## पुंछ में प्रभावितों से मुलाकात के बाद बोले उमर अब्दुल्ला पाकिस्तान स्थिति को बिगाड़ने की कोशिश कर रहा...



**एजेंसी**

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने स्थानीय लोगों से बातचीत की, जो भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच वर्तमान में सांबा में सुरक्षित स्थान पर रह रहे हैं। पुंछ में पाकिस्तान की गोलाबारी पर जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पुंछ में भारी नुकसान हुआ है। पुंछ में सबसे ज्यादा लोग हताहत हुए हैं और सबसे ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मैं कुछ समय पहले जम्मू के अस्पताल में था और वहां भर्ती सभी घायल पुंछ से हैं। पुंछ में स्थिति गंभीर है। उपमुख्यमंत्री पुंछ पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, अगर वे वहां पहुंचते हैं तो वहां के लोगों से मिलेंगे। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि उन्होंने नागरिकों को निशाना बनाने की कोशिश की है।

# मौजूदा स्थिति में हमें उनका मनोबल नहीं गिराना चाहिए

**महिला सैन्य अधिकारियों पर सुप्रीम कोर्ट**

**देश की सर्वोच्च अदालत ने केंद्र से कहा कि वह शॉर्ट सर्विस कमीशन की महिला सैन्य अधिकारियों को सेवा से मुक्त न करे। बता दें कि, 2020 के फैसले के बाद से, शीर्ष अदालत ने सशस्त्र बलों में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन के मुद्दे पर कई आदेश पारित किए हैं और इसी तरह के आदेश नौसेना, भारतीय वायु सेना और तटरक्षक बल के मामले में पारित किए गए थे।**

**एजेंसी**

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र से कहा कि वह शॉर्ट



सर्विस कमीशन की महिला सैन्य अधिकारियों को सेवा से मुक्त न करे, जिन्होंने उन्हें स्थायी कमीशन देने से इनकार करने के फैसले को चुनौती दी है। न्यायालय ने कहा कि मौजूदा स्थिति में उनका मनोबल न गिराया जाए। मामले में जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने 69 सैन्य अधिकारियों की तरफ से दायर याचिकाओं को अगस्त में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया और कहा कि अगली सुनवाई तक उन्हें रिहा नहीं किया जाना चाहिए। इस दौरान जस्टिस कांत ने कहा 'मौजूदा स्थिति में, आइए उनका मनोबल न गिराएं। वे शानदार अधिकारी हैं, आप उनकी सेवाओं का उपयोग कहीं और कर सकते हैं। यह वह समय नहीं है जब उन्हें सुप्रीम कोर्ट में घूमने के लिए कहा जाए। उनके पास रहने और देश की सेवा करने के लिए बेहतर जगह है'। वहीं केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि यह सशस्त्र बलों को युवा बनाए रखने की नीति पर आधारित एक प्रशासनिक निर्णय था। उन्होंने शीर्ष अदालत से उनकी रिहाई पर कोई रोक न लगाने का आग्रह किया और कहा कि भारतीय सेना को युवा अधिकारियों की जरूरत है और हर साल केवल 250 कर्मियों को स्थायी कमीशन दिया जाता है।

# सम्पादकीय

## सतर्कता और रणनीति

भारत ने पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर व पाकिस्तान में सिर्फ आतंकी शिविरों तक सटीक सैन्य कार्रवाई को अंजाम दिया था, जिसको लेकर गुरुवार को विपक्ष ने सरकार के साथ एकता और संकल्प का परिचय दिया। हालांकि, दोनों देशों के बीच उच्चस्तरीय तनाव कायम है। पाकिस्तान ने सभी कायदे कानून ताक पर रखकर नागरिकों व सार्वजनिक स्थलों को निशाना बनाना जारी रखा है। हालांकि, भारत ने मजूबत सुरक्षातंत्र के बूते अपने पंद्रह शहरों पर दागी गई लक्षित मिसाइलों को बेअसर कर दिया है। प्रतिक्रिया स्वरूप भारत ने पाक के कुछ सैन्य ठिकानों व लाहौर की प्रमुख वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ने स्थिति की गंभीरता को ही रेखांकित किया। इस स्थिति को बेहद संवेदनशील बताते हुए उन्होंने संस्थागत तालमेल और नागरिक सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर बल दिया। दरअसल, इस स्थिति में सरकार की प्राथमिकताओं में नागरिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना, गलत सूचनाओं का मुकाबला करना और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करना और किसी भी हमले का तत्परता से मुकाबला करना शामिल है। निस्संदेह, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल और परिचालन में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिये मंत्रालयों को निर्देश साइबर हमलों और गलत सूचना अभियानों सहित हाइब्रिड खतरों की एक गंभीर समझ को ही दशार्ता है। गुरुवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा सर्वदलीय बैठक में विस्तृत जानकारी देना इस दिन का महत्वपूर्ण घटनाक्रम था। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में कम से कम सौ आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि की। विपक्ष खासकर कांग्रेस और एआईएमआईएम ने सराहनीय परिपक्वता दशार्यी। वे तमाम राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर राष्ट्रीय हितों के साथ खड़े नजर आए। राजनीतिक सहमति का यह दुर्लभ क्षण घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को एक सशक्त संदेश देता है। यह भी कि जब भी भारत की संप्रभुता को चुनौती मिलती है इसका राजनीतिक ताना-बाना और मजबूत होता है। जबकि, तनाव की तसवीर अभी डराने वाली हैं। जिसको हल्के में नहीं लिया जा सकता। हालांकि, भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि उसका इरादा तनाव बढ़ाने का नहीं है। लेकिन जवाबी कार्रवाई के लिये पूरी तरह तैयार है। इसलिए रणनीतिक संयम को विश्वसनीय प्रतिरोध के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। निस्संदेह,अब सामरिक जीत से हटकर रणनीतिक स्थिरता पर जोर दिया जाना चाहिए। आने वाले दिनों में नागरिक सुरक्षा, कूटनीतिक संदेश और आंतरिक सुरक्षा पर लगातार ध्यान देने की आवश्यकता होगी। भारत को सुरक्षा प्राथमिकताओं से समझौता किए बिना वैश्विक भागीदारों को जानकारी देना जारी रखना चाहिए। साथ ही अपने नागरिकों से पारदर्शिता बनाए रखनी चाहिए। निस्संदेह, ऑपरेशन सिंदूर के जारी रहने के बावजूद, एकीकृत राजनीतिक रुख और संस्थागत सतर्कता बाहरी खतरों के सामने लोकतांत्रिक लचीलेपन का एक आदर्श प्रस्तुत करती है। इसके अतिरिक्त देश के सीमावर्ती इलाकों के ग्रामीण की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

## राशिफल

मेषः-सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

वृषभः- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जरूरी कायरे की समय से पूर्ति करें।

मिथुनः- नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

कर्कः- सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। रोजगार में क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा।

सिंहः- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

कन्याः- मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। आलस्य कतई न करें।

तुलाः- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्यें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

वृश्चिकः- भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

धनुः- मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कायरे की पूर्ति समय से करें।

मकरः- योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

कुंभः- किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। रोजगार में आ रही समस्याओं से निराश न हों।

मीनः- प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# हिंद की सेना का जवाब कि, हां तुम एक विफल राष्ट्र हो!

**वर्षा भम्भाणी मिर्जा**

पाकिस्तान एक विफल राष्ट्र है क्योंकि इसका जन्म ही नफरत की बुनियाद पर हुआ है। अंग्रेजों से आजाद होते ही भारत का बंटवारा हुआ और मानवता ने जिस वीभत्स मंजर को देखा, उसकी मिसाल कम मिलती हैं। कई कलाकार, लेखक और पॉलिटिशियन मजहब के आधार पर बंटे पाकिस्तान में चले तो गए लेकिन उम्र भर सिर्फ हिंदुस्तान को ही याद करते रहे, अपने दोस्तों से मिलने के लिए तड़पते रहे जैसे उन्हें यह अहसास हो गया था कि गलती हो चुकी है और समय का पहिया अब पीछे नहीं खींचा जा सकता। जो लिख सकते थे, उनके शब्दों में यह दर्द बयां हुआ और बाकी अपने दिलों में इस टीस के साथ जिंदा रहे। मशहूर और बेहतरीन कहानीकार सआदत अली हसन मंटो (दो दिन बाद उनकी सालगिरह है) उन्हीं में से एक थे। उन्होंने विभाजन के समय हुए दंगों की त्रासदी को भीतर तक उतारा और फिर पन्नों पर। टोबा टेकसिंह और खोल दो उनकी ऐसी ही महान रचनाएं हैं। मंटो दोस्तों को अक्सर लिखा करते थे कि, 'यार मुझे वापस बुला लो!ज् उन्होंने खुदकुशी की कोशिश भी की थी। वे बहुत कम (43 साल) जी पाए। जैसे चिंता और जीवन का कोई गहरा रिश्ता हो। यूं तो मंटो के बारे में कहने को इतना कुछ है कि मंटो पढ़ाई-लिखाई में कुछ खास नहीं थे, कि मंटो कॉलेज में उर्दू में ही फेल हो गए थे, कि शायर फैज अहमद फर्ज मंटो से केवल एक साल बड़े थे, कि उन्हें भी चेखोव की तरह टीबी था, कि वे बेहद निडर थे, कि उनकी कई कहानियों पर अश्लीलता के मुकद्दमे चले और उनकी कहानियां तो बस इंसान को चीर के ही रख देती हैं। विभाजन से पहले के बॉम्बे में उनके किस्से-कहानियां फिल्म इंडस्ट्री की जान हुआ करते थे। बेशक मंटो का फिर पैदा होना मुश्किल है लेकिन अफसोस यह भी कि एक बेहतरीन कथाकार नफरत की भेंट चढ़ गया और असमय मौत की नींद सो गया। ऐसे ही एक शायर रईस अमरोही थे जो जॉन एलिया के बड़े भाई थे। वे भी बंटवारे को बर्दाश्त नहीं कर पाए। उनका परिवार उत्तर प्रदेश के अमरोहा का था जो 1947 में पाकिस्तान चला गया। उनकी मेटाफिजिक्स, ध्यान और योग पर कई किताबें प्रकाशित हुईं। उनका भी दिल केवल भारत के लिए धड़कता रहा। वे लिखते हैं- हिन्द की बहारों, तुम को सलाम पहुंचे बिछड़े हुए नजारों, तुम को सलाम पहुंचे भारत के चांद तारों, तुम को सलाम पहुंचे बरसों के बाद यारों तुम को सलाम पहुंचे ये नामा-ए -मोहब्बत यारों के नाम ले जा ओ हिंद जाने वाले मेरा सलाम ले जा। उनकी ऐसी कई नज्मों का जिक्र और प्रकाशन विदेश सेवा के अधिकारी और सांसद रहे मणिशंकर अय्यर ने अपनी किताब श्पाकिस्तान पेपर्सश में किया है। रईस अमरोही की 1988 में एक कट्टरपंथी समूह ने उनकी लाइब्रेरी में ही हत्या कर दी। कट्टरपंथी केवल किसी धर्म के खिलाफ नहीं होते। वे हर उस व्यक्ति के खिलाफ होते हैं जो उदारता की बात करता है, तरक्कघी की बात करता है, शांति की बात करता है। वे खुद में एक जिंदा बम होते हैं। ऐसे बीमार जिन्हें ताजा हवा कभी छूकर भी नहीं गुजरी होती। शक और डर में जीने वाले हैवानों का कुनबा जो निर्दोषों का खून बहाना जानता है। वे ही 22 अप्रैल को पहलगाम आए थे और कई स्त्रियों के सिंदूर उजाड़ गए। खुद मोहम्मद अली जिन्ना, जिन्हें पाकिस्तान का जनक और कघयदे आजम बताया जाता है, वे भी अपनी जिन्दगी में ही अनुभूत कर चुके थे कि पाकिस्तान का बनाना उनकी गलती थी। वे पाकिस्तान बनने के बाद केवल एक साल जिंदा रहे। मजहब के आधार



पर एक देश बनाने वाले ने कहा था- श्पाकिस्तान कोई ईश्वर शासित राज्य नहीं होगा जहां पीर-पुज्जे किसी खास मकघ्सद से राज करेंगे। देश में कई गैर मुस्लिम भी हैं जिन्हें समान अधिकार होंगे और वे मिलकर पाकिस्तान की तरक्की में शामिल होंगे श अफसोस ऐसा हो न सका क्योंकि बुनियाद ऐसी नहीं थी। पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर का द्वि-राष्ट्रवाद के सिद्धांत का उल्लेख भी यही बताता है कि कैसे एक विफल राष्ट्र को जब-तब अपने किए-धरे को उचित बताने की नाकाम कोशिश करनी पड़ती है। इससे पहले मुनीर ने एक अन्य कार्यक्रम में कश्मीर को पाकिस्तान के शगले की नसश बताया था। इस बार वे खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के काकुल इलाके में पाकिस्तान सैन्य अकादमी में कैडेट की श्पासिंग आउटश परेड को संबोधित कर रहे थे। मुनीर ने कहा- श्द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस बुनियादी मान्यता पर आधारित था कि मुसलमान और हिंदू दो अलग-अलग मुल्क हैं, एक नहीं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं- धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा और सोच में हिंदुओं से अलग हैं।श्श तब सवाल यही है कि बांग्लादेश क्यों पाकिस्तान से अलग हुआ? पाक सेना के प्रमुख यहां बुरी तरह फेल हुए हैं और फेल हुआ है उनका मजहब के आधार पर दो राष्ट्र बनाने का सिद्धांत। अगर जो भारत के सियासी दल धर्म को सियासत में शामिल करते रहे तब पाकिस्तान जरूर बांग्लादेश से सांठगांठ कर बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है।

## कुछ खास...

### युद्ध जैसे हालात में सरकार से अपेक्षा

मंगलवार की आधी रात को पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा



पर स्थित जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तान की तरफ से भयंकर गोली बारी शुरू की गई, जिसमें कम से कम 16 लोगों के मारे जाने की खबर है, साथ ही लांस नायक दिनेश कुमार शहीद भी हुए हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक पाकिस्तान ने इसके अलावा भारत के अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। हालांकि पाकिस्तान के इन हमलों को एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड और एयर डिफेंस सिस्टम ने बेअसर कर दिया। भारत के रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया कि पाकिस्तानी ड्रोनों के मलबे अब कई स्थानों से बरामद किए जा रहे हैं जो इस बात को साबित करते हैं कि पाकिस्तान ने हमला किया था। जाहिर है हमारी सेना और मजबूत रक्षा तंत्र ने इस तरह देश की रखवाली की कि व्यापक तौर पर नागरिकों को पाकिस्तान की तरफ से हुए हमलों का पता ही नहीं चला। इस साहसिक कृत्य के लिए सेना की जितनी सराहना की जाए, कम है। इस समय सारा देश यही कर भी रहा है। गुरुवार को जब सरकार ने सभी दलों की बैठक फिर से बुलाई, तब भी तमाम दलों ने एकजुटता का भरोसा सरकार को दिलाया। युद्ध के मुहाने पर खड़े इस कठिन दौर से गुजरते हुए भारत का हर विपक्षी दल और नागरिक अपने परस्पर विरोधों को भुलाकर सरकार और सेना के साथ खड़ा है लेकिन यह बेहद दुखद और आश्चर्यजनक बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो देश का नेतृत्व करते हैं, इस विषय पर गुरुवार को दिल्ली में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में पुनः अनुपस्थित रहे। पुनः शब्द का इस्तेमाल इसलिये किया जा रहा है क्योंकि पहलगाम हमले के बाद 24 अप्रैल को बुलाई गई ऐसी ही बैठक में मोदी नहीं आये थे। हालांकि उन्होंने आतंकवादियों को धरती के आखिरी छोर से भी पकड़ लाने का वादा देश से किया था। सेना ने संयुक्त ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर पाकिस्तान व पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में दहशतगर्दों द्वारा चलाये जा रहे आतंकी कैंपों को उड़ा दिया। लेकिन इस दौरान सरकार को कम से कम सीमावर्ती इलाकों से नागरिकों को सुरक्षित जगहों पर ले जाने का इंतजाम कर लेना चाहिए था। अगर ऐसा होता तो शायद पुंछ में जो नुकसान हुआ, वह न होता। पुंछ इलाके में मारे गये नागरिक ज्यादातर किसान हैं। एक तरह से देखें तो ये सर्जिकल स्ट्राइक हो या सीमा के आर-पार की बम वर्षा के कारण लगभग युद्ध की स्थिति है। ऐसे में सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री का न आना यह बतलाता है कि वे लोगों से मिल रहे जनसमर्थन के कारण विपक्ष ही नहीं, नागरिकों व यहां तक कि संसद को भी काफी हल्के में ले रहे हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप जयंती पर पाकिस्तान को लिया आड़े हाथ

# पाकिस्तान अब अपने वजूद के लिए संघर्ष करता दिखाई देगा: योगी




लखनऊ (संवाददाात)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह जैसे वीर योद्धाओं को नमन करते हुए पाकिस्तान को आतंकवाद पर घेरते हुए कहा कि उसने इतनी बड़ी हिमाकत कर दी है कि अब वह अपने वजूद के लिए संघर्ष करता दिखाई देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान का आतंकवादी चेहरा अब दुनिया के सामने बेनकाब हो चुका है। उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा भारतीय पर्यटकों के साथ की गई बर्बरता का जिक्र करते हुए कहा कि इस घटना के बाद हर भारतवासी ने पाकिस्तान को सबक सिखाने की ठान ली थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। आज पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ चुका है और कराहता हुआ नजर आ रहा है। सीएम योगी ने पाकिस्तान के बेशमीर्पूर्ण रवैये पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भारत की कार्रवाई में मारे गए आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारियों और राजनीतिज्ञों की मौजूदगी दुनिया की आंखें खोलने वाली है। यह साबित करता है कि पाकिस्तान न केवल आतंकवादियों को संरक्षण देता है, बल्कि सीधे तौर पर आतंकवाद में शामिल भी है। अब पाकिस्तान अपने वजूद के लिए जूझ रहा है।

**सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से रहें सावधान**

मुख्यमंत्री ने देशवासियों से अपील की कि वे भारतीय सेनाओं का मनोबल बढ़ाएं और सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि हर भारतवासी की जिम्मेदारी है कि हम अपनी सेनाओं के साथ खड़े हों और शरारतपूर्ण कार्रवाइयों को बेनकाब करें। केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में हमें एकजुट होकर कार्य करना है। सीएम योगी ने जोर देकर कहा कि भारत हर हाल में विजयी है और रहेगा। मुख्यमंत्री ने पूरे उत्तर प्रदेश की ओर से भारतीय सेनाओं के साथ मजबूती से खड़े होने का संकल्प दोहराया।

**आज महाराणा प्रताप की वीरता हमें नई प्रेरणा देती है**

मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप की वीरता को याद करते हुए कहा कि उनकी जयंती आज के चुनौतीपूर्ण समय में नई प्रेरणा देती है। उन्होंने हल्दीघाटी की ऐतिहासिक लड़ाई का उल्लेख किया, जहां महाराणा ने वनवासियों और गिरिवासियों की सेना के साथ अकबर की विशाल सेना को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य राकेश सिंह और मानवेंद्र सिंह को चौराहे के सुंदरीकरण के लिए बधाई दी गई। उन्होंने कहा कि ये चौराहा महारणा प्रताप सिंह चौराहे के नाम से जाना जाएगा। सीएम योगी ने बताया कि 1998 में उन्होंने ही इस चौराहे पर महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापना का प्रस्ताव दिया था। लखनऊ, गोरखपुर और प्रयागराज में तीन मूर्तियां स्थापित की गई थीं, जिनका उद्घाटन कल्याण सिंह और राजनाथ सिंह जैसे नेताओं ने किया था। इस अवसर पर विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, स्वतंत्र देव सिंह, राकेश सचान, दयाशंकर सिंह के अलावा आचार्य शांतनु महाराज, मयंकेश्वर शरण सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, सांसद बृजलाल, संजय सेठ, जय प्रताप सिंह, कार्यक्रम के संयोजक राकेश सिंह, मानवेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, कौशल किशोर, दारा सिंह चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## कार गिरवी रखने के नाम पर युवक से आठ लाख की ठगी

लखनऊ (संवाददाात)। कमिश्नरेट में पश्चिमी जोन के थाना बाजारखाला निवासी मोहित जायसवाल पुत्र स्वः ओम प्रकाश जायसवाल से गाड़ी रखने के नाम पर चार युवकों ने आठ लाख रुपये की ठग लिए। पीड़ित की शिकायत के बावजूद पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। मोहित जायसवाल ने बताया कि 24 दिसम्बर 2024 को सुनील कुमार मो. आसिफ, मो. उमर व शरद तिवारी नाम के चार युवकों ने उन्हें नगर निगम में ठेका लेने की बात कहते हुए दो लाख तिरसठ हजार रुपये में स्विफ्ट डिजायर गाड़ी जिसका न0 यूपी 32 पी.एस 8326 था। अच्छे ब्याज का लालच देकर गिरवी रख दी फिर उन्ही में से मो. आसिफ के साथ 31 दिसम्बर 2024 को चंद्र मोहन, मो. उमर व अनुराधा विश्वकर्मा ने इनोवा क्रिस्टा जिसका न यूपी 32 एम.एन 9399 पांच लाख पच्चीस हजार रुपये में दो माह में वापस लेने की बात कहते हुए गिरवी रख दी। फरवरी माह में गिरवी रखी स्विफ्ट डिजायर का तय ब्याज युवक दे गये। 25 मार्च को मोहित के घर के सामने खड़ी दोनों गिरवी गाड़ियों में से इनोवा क्रिस्टा गायब हो गयी। गाड़ी गायब देख मोहित के होश उड़ गये परिवार व आसपास के लोग गाड़ी ढूंढ ही रहे थे कि पांच युवक स्विफ्ट डिजायर भी खोलते दिखे जिन्हे मोहित के परिवार वालों और स्थानीय लोगों ने बंधक बना लिया। मोहित कहते है मैं कुछ समझ पाता उससे पहले ही घर पर कुछ अधिवक्ता व बाजारखाला पुलिस मेरे घर पहुंची और पांचों युवकों मुझे व मेरे भाई को थाने ले जाया गया और बताया गया कि स्विफ्ट डिजायर सुनील कुमार के नाम पर है। जो सुनील कुमार इसे गिरवी रख गया है वो कोई और है इसी तरह इनोवा क्रिस्टा की मालिक अनुराधा विश्वकर्मा के पति चंद्र मोहन भी आये। जो गाड़ी रखने आये चंद्र मोहन नहीं थे तब मोहित को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ।

## मनकामेश्वर मंदिर में सेना के जवानों के लिए शांति हवन

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ के मनकामेश्वर मंदिर में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद होने वाले जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। महंत दिव्या गिरी ने शांति हवन का आयोजन किया। इसमें उन तमाम शहीदों को श्रद्धांजलि दी जा रही है जो इस जंग में शाहिद हुए हैं। मंदिर प्रांगण में शांति हवन में बड़ी संख्या में महिला और पुरुषों ने हिस्सा लिया। सेना के जवानों की तस्वीर लगाकर शांति हवन किया गया। इस दौरान भारतीय सेना की जीत और देशवासियों की रक्षा के लिए कामना की गई। महंत दिव्या गिरि ने कहा 22 तारीख को पहलगाम में जिस प्रकार हमारी माता-बहनों का सिंदूर उजाड़ा गया था। हमारे सेना के भाइयों ने उसका बदला ले लिया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और उसके आतंकियों को लाल कर दिया। अभी जो सेना की तरफ से कार्रवाई हुई। यह सफलता का पहला चरण है।

## 13 सूत्रीय मांगो को लेकर राष्ट्र धारक दल ने धरना दिया

लखनऊ (संवाददाात)। राष्ट्र धारक दल ने राजधानी के ईको गार्डन में 13 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष करन सिंह ने मांगों को लेकर बताया कि भारत में एक सख्त जनसंख्या नियंत्रण कानून एक परिवार दो संतान का फामूर्ला लागू हो। न्यायालय में वाद की समय सीमा निर्धारित की जाए ताकि प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति को 6 माह के अंदर न्याय मिल सके तथा प्रत्येक ग्राम सभाओं में ग्राम न्यायालयों का गठन तथा सफलता पूर्वक संचालन सुनिश्चित हो। मतांतरणध् धर्मांतरण विरोधी एक सख्त कानून लाया जाए। सनातनी मंदिर-मठों का सरकार द्वारा आर्थिक शोषण बंद हो तथा सनातन बोर्ड का गठन हो। भारत देश में नागरिकता 1951 की जनगणना के परिवार वृक्ष के अनुसार ही मान्य हो, इसके अतिरिक्त भारत देश में करोड़ों की तादाद में जितने भी अवैध घुसपैठिए बसे हुए हैं तत्काल उन सब की नागरिकता समाप्त करते हुए डिटेंशन सेंटर में भेजा जाए।देश की कुल आबादी का एक प्रतिशत या उससे कम आबादी वाले धार्मिक ध्मजहबी समूह को ही अल्पसंख्यक होने की मान्यता तथा सुविधाएं मिलें। किसी भी देश में जन्मे हिंदू, सिख, जैन समुदाय के लोगों को भारत में आसानी से नागरिकता मिल सके ऐसे प्रावधान हो। शिक्षा का भारतीयकरण करते हुए एक समान शिक्षा बोर्ड पूरे देश में लागू हो। गौ हत्या पूरे भारत में निषेध हो। सरकार जाति का सर्टिफिकेट जनता को बांटना बंद करते हुए जातिवाद को सरकारी तंत्र से पूरी तरह से समाप्त करें। मस्जिद के इमाम या किसी भी मजहबी संस्था या उस संस्था के पदाधिकारी को सरकारी निधि से धन या वेतन देना बंद हो।

# संक्षिप्त सामाचार

## नीम के पेड़ से लटका मिला ज्वेलर का शव, परिजनों ने हत्या की आशंका जताई

लखनऊ (संवाददाता)। लखनऊ के इटौंजा में एक ज्वेलर्स का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। मृतक की पहचान बब्लू वर्मा (50) के रूप में हुई है। उनका शव महोना नगर पंचायत क्षेत्र के किशुनपुर गांव के मार्ग पर नीम के पेड़ से अंगोछे के सहारे लटका मिला। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने शव देखा और इटौंजा थाना को सूचना दी। घटनास्थल मृतक के घर से करीब 500 मीटर दूर है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फॉरेंसिक टीम को बुलाया और परिजनों को सूचित किया। महोना चैकी प्रभारी रविंद्र पाल के अनुसार, मृतक मानसिक अवसाद से पीड़ित थे। हालांकि, परिजनों का कहना है कि वह पूरी तरह स्वस्थ थे। उन्होंने मामले को हत्या बताया है। मृतक के सर पर बंधी पट्टी के बारे में परिजनों ने बताया कि उनका फोड़े का ऑपरेशन हुआ था। बब्लू वर्मा की महोना चैराहे पर ज्वेलरी की दुकान थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

## राजधानी में पुलिसवालों की छुट्टियां कैंसिल,सभी को काम पर वापस बुलाया

लखनऊ (संवाददाता)। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच राजधानी लखनऊ में पुलिसवालों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। पुलिस मुख्यालय से इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। इस आदेश में संयुक्त पुलिस आयुक्त अमित वर्मा के हस्ताक्षर हैं। मुख्यालय के संयुक्त पुलिस आयुक्त की ओर से जारी आदेश में लिखा गया है- पुलिस जवानों की सभी तरह की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से बंद की जा रही हैं। जो भी जवान अभी छुट्टी पर हैं, उन्हें ड्यूटी पर वापस बुलाया जाए। आदेश में यह भी कहा गया है कि विशेष परिस्थितियों में छुट्टी मिल सकती है। इसके लिए कमिश्नरेट स्तर का कोई भी अधिकारी स्वीकृति नहीं देगा। छुट्टी लेने के लिए अग्रिम आदेश तक संबंधित पुलिस उपायुक्त से स्वीकृति लेनी होगी। संयुक्त आयुक्त ने लिखा है- यह आदेश लखनऊ पुलिस आयुक्त की ओर से दिया जा रहा है। इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें।

## राजधानी में पुलिस अलर्ट, प्रमुख इमारतों की सुरक्षा बढ़ाई, संवेदनशील स्थानों पर पेट्रोलिंग

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड पर है। शहर की प्रमुख इमारतों के आस-पास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इसके साथ प्रमुख बाजारों, संवेदनशील स्थानों और भीड़भाड़ इलाकों में पुलिस पेट्रोलिंग तेज कर दी है। रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप, मेट्रो स्टेशन और कैंट एरिया में लगातार चेकिंग और पैदल गश्त की जा रही है। पुलिस कमिश्नर ने सभी पुलिस स्टेशन अफसर को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। वहीं जुमा की नमाज के चलते पुराने लखनऊ में पुलिस ने पैदल गश्त करने के साथ पुलिस फोर्स को लगाया गया है। पुलिस मुख्यालय से सभी पुलिस अधिकारियों को छोटी से छोटी घटनाओं पर नजर रखने को कहा गया है। जिससे कोई छोटी सूचना बड़ी घटना का कारण न बन सके। इसके साथ हर क्षेत्र में सिविल डिफेंस, पीस कमेटी और स्थानीय लोगों के संपर्क में रहें। लोगों को सुरक्षित रहने के टिप्स देते रहें। पुलिस विभाग की साइबर टीम सोशल मीडिया पर लगातार नजर बनाए हुए है। साइबर टीम फर्जी सूचना और देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को चिंहित कर रही है।

## एसबीआई एटीएम से चोरों ने तीन बैटरी उड़ाई

लखनऊ (संवाददाता)। लखनऊ के आशियाना इलाके में स्थित एसबीआई एटीएम से चोरों ने तीन बैटरी चुरा ली। यह घटना रात 11 बजे से सुबह 7 बजे के बीच हुई, जब एटीएम पर कोई गार्ड मौजूद नहीं था। सुरक्षा गार्ड विजय करन ने जब सुबह एटीएम (आईडी 1175) पर पहुंचे, तो बैंक रूम का ताला टूटा हुआ मिला। चोरों ने तीन बैटरी चुरा ली थीं और मौके पर एक प्लास छोड़ गए थे। विजय करन भदरुख बंगला बाजार के रहने वाले हैं और उनकी ड्यूटी सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक रहती है। भारतीय स्टेट बैंक के निर्देश पर सुरक्षा गार्ड की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब चोरी की जांच कर रही है।

## पाकिस्तान को सबक सिखा के रहेंगे: रामाशीष

लखनऊ (संवाददाता)। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को सलाम करते हुये कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किये गये कायराना हमले का मुंहतोड़ जवाब देश की सेना और सरकार ने दिया है। पाकिस्तान को सबक सिखा के रहेंगे। ऐसी स्थिति में भारत की 140 करोड़ भारतवासी अपने देश की सेना और सरकार के हर कदम के साथ खड़े है। पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान से आशा की थी कि वह पहलगाम घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियों के खिलाफ कडी कार्यवाही करेगा लेकिन पूर्व की भांति पाकिस्तान ने खुद को आतंकवादी राष्ट्र होने का प्रमाण दिया है। पाकिस्तान ने कोई कार्यवाही नहीं की तो भारत सरकार ने हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया। पाक अधिकृत कश्मीर से जब तक आतंकवादियों का सफाया नहीं हो जाता तब तक भारतीय सेना चुप नहीं बैठेगी और पाकिस्तान के खिलाफ जंग तब तक जारी रहेगी जब तक एक एक आतंकी का सफाया न हो जाय।

## केजीबीवी की बेटियों को कैरियर की उड़ान के लिए योगी सरकार ने दिये 'पंख'

लखनऊ (संवाददाात)। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और कैरियर निर्माण के लिए लगातार नई पहल कर रही है। इसी कड़ी में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) की छात्राओं के लिए शुरू किया गया पंख पोर्टल आज एक परिवर्तनकारी डिजिटल पहल बन चुका है, जो राज्य सरकार की बेटियों के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# शरीर को ठंडक पहुंचाने के लिए आप भी पीते हैं कोल्ड ड्रिंक्स? कहीं जानलेवा न हो जाए ये आदत



शरीर को ठंडक पहुंचाने और गर्मी के दुष्प्रभावों से बचे रहने के लिए देसी पेय और अन्य हेल्दी विकल्पों पर ध्यान देना चाहिए। आइए जानते हैं कि कोल्ड ड्रिंक्स पीने के क्या साइड इफेक्ट्स हैं और ये सेहत पर कैसे असर डालते हैं?

देशभर में भीषण गर्मी का प्रकोप देखा जा रहा है। गर्मी का ये मौसम आपकी सेहत के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक हो सकता है। इस मौसम में डिहाइड्रेशन और शरीर का तापमान बढ़ने का खतरा रहता है जिसके कारण सेहत पर कई प्रकार से नकारात्मक असर हो सकता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को इस मौसम में खूब पानी पीते रहने, गर्मी से बचने और सेहत का विशेष ख्याल रखने की सलाह देते हैं।बहुत से लोग गर्मी में शरीर को ठंडक पहुंचाने और डिहाइड्रेशन से बचने के लिए कोल्ड ड्रिंक्स पीते हैं। इस तरह के पेय से शरीर को फौरी तौर पर तो कुछ समय के लिए ठंडक और राहत का एहसास होता है, पर क्या आप जानते हैं कि ये आपकी सेहत को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाने वाले हो सकते हैं। कोल्ड ड्रिंक्स जैसे कि सोडा, कार्बोनेटेड ड्रिंक्स, मीठे पेय पदार्थों को अध्ययनों में नुकसानदायक बताया गया है।आहार विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर को ठंडक पहुंचाने और गर्मी के दुष्प्रभावों से बचे रहने के लिए देसी पेय और अन्य हेल्दी विकल्पों पर ध्यान देना चाहिए। आइए जानते हैं कि कोल्ड ड्रिंक्स पीने के क्या साइड इफेक्ट्स हैं और ये सेहत पर कैसे असर डालते हैं?

**कोल्ड ड्रिंक्स हो सकते हैं नुकसानदायक**

आहार विशेषज्ञ बताते हैं, कोल्ड ड्रिंक्स के अधिक सेवन को बच्चों में मोटापा बढ़ाने, डायबिटीज और पाचन तंत्र सहित कई प्रकार की समस्याओं का कारक माना जाता है। आमतौर पर लोग इसे प्यास बुझाने और डिहाइड्रेशन से बचने के लिए पीते हैं, पर अधिकतर लोग इस बात से अनजान होते हैं कि कुछ प्रकार के सॉफ्ट ड्रिंक्स डिहाइड्रेशन कम करने की जगह इसे बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

जो लोग अक्सर कोल्ड ड्रिंक्स या मीठे पेय पदार्थों का अधिक सेवन करते हैं, उनमें पाचन से संबंधित दिक्कतों का भी खतरा अधिक होता है।

**बढ़ जाता है मोटापे का खतरा**

कोल्ड ड्रिंक्स और मीठे पेय पदार्थों का सबसे ज्यादा नुकसान वजन बढ़ने में देखा गया है। जो लोग अक्सर इस तरह के पेय पदार्थों का सेवन करते रहते हैं उनमें मोटापे की दिक्कत हो सकती है। इसमें ऐडेड शुगर होता है, इसके अलावा ये हाई कैलोरी वाले पेय तेजी से वजन बढ़ाने वाले हो सकते हैं। अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लीनिकल न्यूट्रिशियन में प्रकाशित एक रिपोर्ट से पता चलता है कि नियमित कोल्ड ड्रिंक पीने वालों में पेट की चर्बी और मोटापा बढ़ने का जोखिम अधिक रहता है। मोटापे की स्थिति डायबिटीज, हृदय रोगों का खतरा बढ़ा देती है जिसके जानलेवा दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

**डायबिटीज का खतरा**

कोल्ड ड्रिंक्स में अत्यधिक मात्रा में चीनी होती है। एक कैन में 8-10 चम्मच तक चीनी की मात्रा हो सकती है। ऐसे में अगर आप इसका अधिक मात्रा में सेवन करते हैं तो वजन और ब्लड शुगर लेवल दोनों के बढ़ने का खतरा हो सकता है। हार्वर्ड की रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बताया कि अक्सर शुगर वाले ड्रिंक्स पीने से टाइप-2 डायबिटीज का खतरा 26% तक बढ़ जाता है।

कोल्ड ड्रिंक्स में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड के कारण गैस एसिडिटी, गैस, अपच और पेट फूलने की समस्या का भी खतरा रहता है।

इसके अलावा कैफीन युक्त ड्रिंक्स पेट की अंदरूनी परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिसके कारण आपको दीर्घकालिक तौर पर कई प्रकार की पेट की दिक्कतें हो सकती हैं।

**हेल्दी पेय विकल्पों का करें चुनाव**

आहार विशेषज्ञ कहते हैं, गर्मी के दिनों में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कोल्ड ड्रिंक्स की जगह हेल्दी विकल्पों का सेवन करना चाहिए। नींबू पानी (कम चीनी या शहद के साथ), छाछ या मट्ठा, नारियल पानी, बेल का शरबत, सत्तू ड्रिंक, गन्ने का जूस पीना आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है। शरीर को स्वस्थ रखने और गर्मी के कारण होने वाली दिक्कतों से बचे रहने के लिए आप इन चीजों का सेवन कर सकते हैं।




गर्मी के मौसम में सही कपड़ों का चयन करना बेहद जरूरी हो जाता है। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं कि गर्मी के मौसम में आपको किन फैब्रिक के कपड़े कैरी नहीं करने चाहिए।

गर्मी के मौसम में जिस तरह से खान-पान का अच्छा ध्यान रखना चाहिए, ठीक उसी तरह से ही पहनावे पर भी ध्यान देना चाहिए। यदि आप इस मौसम में गलत कपड़े पहनेंगे तो आपकी त्वचा पर घमौरियों जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन अगर आप सही फैब्रिक के कपड़े पहनेंगे तो पसीने और गर्मी से होने वाली दिक्कतें आपके दूर रहेंगी। यहां हम आपको उन फैब्रिक के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें गर्मी के मौसम में भूल से भी कैरी नहीं करना चाहिए, ताकि बच्चे से लेकर बड़े तक गर्मी में बिना किसी परेशानी के रह सकें।

ये एक ऐसा एक सिंथेटिक फैब्रिक होता है, जिसे बनाने में कई प्रकार के सिंथेटिक चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। यदि आप इसे कैरी करेंगे तो इसकी वजह से आपके चेहरे पर चिपचिपाहट की वजह से घमौरियां हो सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि पॉलिएस्टर फैब्रिक के कपड़े हवा को शरीर तक पहुंचने नहीं देते हैं।

बात करें नायलॉन फैब्रिक की तो ये फैब्रिक की तो ये फैब्रिक भी पसीना रोकता है और हवा का संचार नहीं होने देता। इसे पहनने से शरीर में गर्मी फंस जाती है, जो रैशेज और खुजली को बढ़ावा देती है। कई बार तो खुजली इतनी बढ़ जाती है कि डॉक्टर तक के पास जाना पड़ जाता है। ये कपड़ा भले ही देखने में काफी हल्का होता है, लेकिन ये भी हवा को आस-पास नहीं होने देता। जिस वजह से स्किन से संबंधी परेशानियां जन्म लेने लगती हैं।

## केरल में फिर सामने आया घातक संक्रमण का मामला, वेंटिलेटर पर है मरीज; 7 साल से जारी है प्रकोप



स्थानीय रिपोर्ट्स के मुताबिक गुरुवार (8 मई) को केरल में मलप्पुरम जिले के वलनचेरी की में एक 42 वर्षीय महिला में निपाह वायरस के संक्रमण की पुष्टि की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मरीज को वेंटिलेटर पर रखा गया है, उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

केरल एक बार फिर से निपाह वायरस की चपेट में है। राज्य में साल 2018 से निपाह का प्रकोप देखा जा रहा है। हालिया रिपोर्ट्स में एक बार फिर से केरल में निपाह का संक्रमण फैलने की खबर है।

स्थानीय रिपोर्ट्स के मुताबिक गुरुवार (8 मई) को केरल में मलप्पुरम जिले के वलनचेरी की में एक 42 वर्षीय महिला में निपाह वायरस के संक्रमण की पुष्टि की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मरीज को वेंटिलेटर पर रखा गया है, उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।


केरल में एक बार फिर से निपाह का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विशेषज्ञ अलर्ट हो गया है। केरल के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने मरीज के घर के आस-पास के तीन किलोमीटर के क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया है।

केरल में पिछले कुछ वर्षों से नियमित अंतराल पर निपाह के मामले रिपोर्ट किए जाते रहे हैं। इससे पहले पिछले साल जून-अक्तूबर तक में राज्य में संक्रमण ने लोगों को खूब परेशान किया था।

हालिया मामले को लेकर जारी रिपोर्ट में स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। पिछले कुछ दिनों से उसे तेज बुखार था, धीरे-धीरे लक्षण विकसित होते गए, जिसके बाद परीक्षण में रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

केरल सरकार ने शुक्रवार को कहा कि मलप्पुरम जिले में निपाह वायरस पॉजिटिव मरीज के संपर्क में आने के बाद कुछ लोगों में बुखार और अन्य लक्षण भी देखे गए थे। हालांकि परीक्षण में सभी छह लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आई है।स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरे जिले में सख्त निवारक उपाय किए जा रहे हैं।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, संक्रमित मरीज के संपर्क में आए कुल 49 लोग निगरानी में हैं, लेकिन सभी परिणाम अब निगेटिव आए हैं। निगरानी में रखे गए 49 लोगों में से 12 करीबी पारिवारिक सदस्य हैं। पिछले साल सितंबर में 24 वर्षीय एक युवक की निपाह संक्रमण से मौत हो गई थी। अमर उजाला में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक नौ सितंबर को मलप्पुरम में एक 24 वर्षीय युवक की संक्रमण से मौत हो गई थी। इससे पहले जुलाई 2024 में भी एक 14 वर्षीय लड़के की मौत हो गई थी। गौरतलब है कि निपाह एक जूनोटिक बीमारी है जो सुअर और चमगादड़ जैसे जानवरों से मनुष्यों में फैलती है। जानवरों से इंसानों में संक्रमण के अलावा संक्रमित व्यक्ति से दूसरे लोगों को भी इसका खतरा हो सकता है। इसकी मृत्युदर 45-75 फीसदी तक मानी जाती रही है।



# परीक्षा के लिए जी जान से तैयारी कर रहे हर्षवर्धन राणे, बोले-मैं बस अच्छा करना चाहता हूं

अभिनेता हर्षवर्धन राणे अपनी अपकमिंग फिल्म दीवानियत (अस्थाई टाइटल) की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच, पोस्ट शेयर कर उन्होंने बताया कि उनकी परीक्षा जून में है, जिसके लिए वह खूब पढ़ाई कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, फिल्म की शूटिंग चल रही है, जून में साइकोलॉजी ऑनर्स के दूसरे साल की परीक्षाएं हैं। दिमाग में एक ही ट्यून चल रहा है - मैं अच्छा करना चाहता हूं। शेयर की गई तस्वीरों में राणे स्टडी टेबल पर रखे नोट्स को पढ़ते नजर आ रहे हैं। बता दें, अभिनेता साइकोलॉजी से ग्रेजुएशन कर रहे हैं और प्रशंसकों के साथ इससे पहले भी अपनी जानकारी शेयर कर चुके हैं। इधर, अभिनेता हर्षवर्धन राणे के अपकमिंग रोमांटिक मूवी दीवानियत (अस्थाई) की शूटिंग भी चल रही है। वह पल-पल की अपडेट फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं। इसी कड़ी में उन्होंने बताया कि अपकमिंग फिल्म उनकी अब तक की सबसे मजबूत स्क्रिप्ट में से एक है। हालांकि, अभी तक उन्हें टाइटल नहीं मिला है। शूटिंग के 10वें दिन से जुड़ी तस्वीरों को शेयर करते हुए हर्षवर्धन ने कैप्शन में लिखा था, मेरी अब तक की सबसे मजबूत स्क्रिप्ट, जिसे मुश्ताक शेख ने लिखा है और निर्देशक मिलाप जावेरी एक ऐसे निर्देशक हैं, जो इस शानदार कहानी को बताने के लिए बेताब हैं। सोनम बाजवा ईमानदार और कमाल की अभिनेत्री हैं। एक निमार्ता के रूप में अंशुल शानदार हैं। पोस्ट में अपनी व्यथा को मजाकिया अंदाज में व्यक्त करते हुए राणे ने लिखा, बस दीवानियत का टाइटल नहीं मिला, किसी और के पास है। लेकिन आप और भगवान इस ड्रीम टीम के लिए हैं। डे 10 शूट। निमार्ताओं ने फिल्म की रिलीज डेट की अभी घोषणा नहीं की है। जानकारी के अनुसार, फिल्म इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# बच्चों संग श्रद्धा आर्या ने शेयर की तस्वीरें, दिखाए मम्मी डायरीज के प्यारे पल



कुंडली भाग्य स्टार श्रद्धा आर्या इस समय मदरहुड लाइफ को एंजॉय कर रही हैं। श्रद्धा ने बीते साल नवंबर में जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। उनके घर में एक बेटा और बेटी की किलकारी गूंजी। मां बनने के बाद से श्रद्धा अपनी मदरहुड लाइफ स ो जुड़ी झलकियां फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। 8 मई को एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपने जीवन की एक झलक दिखाई जिसमें उन्होंने अपने नन्हे-मुन्नों के साथ मनमोहक तस्वीरों के साथ कुछ पसंदीदा बेबी प्रोडक्ट्स शेयर किए। तस्वीरों में वह अपने बेबी संग पार्क में दिख रही हैं। इसके अलावा कुछ बेबी प्रोडक्ट्स भी हैं। अपने पसंदीदा बेबी प्रोडक्ट की सलाह देते हुए उन्होंने लिखा-मॉमी बैग यह अस्पताल के दिनों से लेकर वीकेंड की छुट्टियों तक मेरे साथ रहा है। यह सब कुछ फिट हो जाता है, बहुत अच्छा दिखता है, और बच्चे (और मेरे लिए!) के लिए पैकिंग करना बहुत आसान बनाता है। स्नूजपॉड- नवजात शिशु की रातों को बहुत आसान बना देता है। मुझे अपने बच्चे को दूध पिलाने और दुलारने के लिए अपने बगल में रखना बहुत अच्छा लगता है। एरीरो कोजी नेस्ट - यह उन शुरूआती हफ्तों में एक गेम-चेंजर था। यह गर्भ की तरह दिखता है इसलिए बच्चा आरामदायक और सुरक्षित महसूस करता है। एर्गोबेबी कैरियर - कुल मिलाकर जीवन रक्षक। बेहद आरामदायक, पहनने में आसान, और टहलने, कामों के लिए या जब बच्चा बस गोद में लेना चाहता है (लेकिन माँ को हिलना-डुलना पड़ता है!) के लिए एकदम सही है। इसके अलावा श्रद्धा आर्या ने इंस्टाग्राम स्टोरीज के जरिए से अपनी पेरेंटिंग लाइफ भी दिखाई। फोटो में एक शांतिपूर्ण दृश्य कैद हुआ है, जहाँ उनके जुड़वाँ बच्चे गहरी नींद में सो रहे थे जबकि श्रद्धा और उनके पति बिस्तर पर आराम कर रहे थे दोनों अपने फोन में मशगूल थे। कंबल में लिपटे, दंपति ने एक शांत, आरामदायक पल का आनंद लिया-कुछ ऐसा जिससे कई माता-पिता आसानी से जुड़ सकते हैं।

# सारी चीख-पुखार, झूठ और नफरत.. भारत-पाक में छिड़ी जंग को स्वरा भास्कर ने बताया प्रोपेगेंडा, चर्चा में एक्ट्रेस का पोस्ट



## 'हर वॉर प्रोपेगेंडा है'

हमेशा अपनी बेबाक राय के चलते सुर्खियों में रहने वाली स्वरा भास्कर एक बार फिर से अपनी पोस्ट की वजह से फिर चर्चा में आ गई हैं। एक्ट्रेस ने भारत-पाक में छिड़ी जंग के बीच अपने इंस्टा स्टोरी पर जियोर्ज ओरवेल कोट शेयर किया और इस वॉर को प्रोपेगेंडा करार दिया है। इसके अलावा भी स्वरा ने कई पोस्ट शेयर किए, जो चर्चा का विषय बने हुए हैं। बीते दिन बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के बार्डर से सटे इलाको में ड्रोन से हमला करने की नापाक कोशिश की थी जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया था। सबके बीच ने जियोर्ज के एक कोट की तस्वीर शेयर की है, जिसमें लिखा है- हर वॉर प्रोपेगेंडा है, सारी चीख-पुखार, झूठ और नफरत हमेशा उन लोगों से आती है जो फाइट नहीं कर रहे हैं। इसके बाद, स्वरा ने दो और स्टोरी शेयर की हैं। उनमें से एक में इंस्टाग्राम यूजर की पोस्ट की है जिसमें लिखा है- जो वॉर चाहते हैं वे एक बार अपने फैमिली मेंबर्स को देखे और डिसाइड करें उनमें से आप किसे खोने के लिए तैयार हैं क्योंकि अगर हम वॉर में उतरते हैं तो ये सिर्फ बॉर्डर पर नहीं बल्कि सचमुच आपके घर के बाहर लड़ी जाएगी। इसके बाद स्वरा ने हैदराबाद के कराची बेकरी पर तिरंगा लगाने की खबर भी शेयर की है, जिस पर लिखा है-इस मूर्खता का एंड कब होगा? हम हिंदू सिंधियों को उनकी रूट्स क लिए पनिश कर रहे हैं, क्या आप ऐसे चीज को इमेजिन कर सकते हैं जो एक ही समय में नीच और मूर्खतापूर्ण हो। स्वरा भास्कर के ये पोस्ट अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और यूजर्स उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे हैं।

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बीसीसीआई का बड़ा फैसला

# आईपीएल 2025 का सत्र एक हफ्ते के लिए स्थगित




**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच शुक्रवार को बड़ा फैसला लिया है। बीसीसीआई ने तनाव को देखते हुए आईपीएल 2025 का सत्र बीच में ही एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि 'फिलहाल लीग को एक हफ्ते के लिए टाल दिया गया है। इसके बाद हम हालात का जायजा लेंगे और फैसला करेंगे।' इसके लिए बोर्ड अलग से कार्यक्रम जारी करेगा। लीग के लिए विंडो को लेकर पूछ गए सवाल में उन्होंने कहा कि 'सभी बोर्ड हमारा समर्थन करते हैं। ऐसे में विंडो कोई चिंता की बात नहीं है।' विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता को लेकर उन्होंने कहा कि 'यह उनका निजी फैसला होगा, वो खुद ही इस पर फैसला लेंगे।' इससे पहले आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने गुरुवार रात बताया था कि मौजूदा स्थिति में आईपीएल का 18वां सत्र जारी रहेगा, लेकिन अब बोर्ड में इसे स्थगित करने का फैसला किया है। इससे पहले, धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया मुकाबला रद्द कर दिया गया था। फ्लड लाइट्स में खराबी के कारण मैच को रोका गया था और दर्शकों तथा खिलाड़ियों को मैदान से बाहर ले जाया गया था। बीसीसीआई ने बताया था कि धर्मशाला में तकीनी खामी के चलते मैच रद्द किया गया है। हालांकि, गुरुवार से ही आईपीएल 2025 को लेकर संशय चल रहा था।बीसीसीआई अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, 'यह अच्छा नहीं लगता कि जब देश युद्ध में है तब क्रिकेट चल रहा है।' आईपीएल 2025 का सत्र अपने अंतिम पड़ाव पर चल रहा था और इसमें फाइनल सहित कुल 16 मुकाबले खेले जाने शेष थे। आईपीएल 2025 सत्र का फाइनल मुकाबला 25 मई को कोलकाता में खेला जाना था, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए इस अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है।

## तनाव के बीच अंबाती रायुडू ने की शांति की अपील

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव के बीच अपने विचार साझा किए। रायुडू ने सोशल मीडिया पर कई पोस्ट किए और शांति की अपील की। हालांकि, यूजर्स इससे नाखुश हुए और उन्होंने रायुडू को जमकर ट्रोल किया। पाकिस्तान ने गुरुवार की रात जम्मू, पठानकोट सहित कई सीमवर्ती शहरों में ड्रोन से हमले की कोशिश की थी, जिसका भारतीय सेना ने जवाब दिया था। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के हर हमले को नाकाम किया और जवाबी कार्रवाई की थी। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव पर वीरेंद्र



सहवाग सहित कई पूर्व खिलाड़ियों ने पाकिस्तान को लताड़ा और भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाया। वहीं, रायुडू ने शांति की अपील की। उन्होंने महात्मा गांधी के एक कथन को साझा करते हुए लिखा, 'आंख के बदले आंख पूरे विश्व को अंधा बना देगी।' सोशल मीडिया पर यूजर्स को रायुडू की यह प्रतिक्रिया रास नहीं आई और उन्होंने इस पूर्व बल्लेबाज को जमकर ट्रोल किया। विवाद बढ़ने के बाद रायुडू ने एक और पोस्ट किया। उन्होंने उसमें लिखा, 'जम्मू-कश्मीर, पंजाब और भारत के अन्य सीमावर्ती इलाकों में शांति और सुरक्षा के लिए प्रार्थना। प्रभावित सभी लोगों के लिए शक्ति, सुरक्षा और शीघ्र समाधान की आशा करता हूं। जय हिंद।' रायुडू यहीं नहीं रुके और उन्होंने ट्रोल के बाद सफाई पेश की। रायुडू ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, आंख के बदले आंख दुनिया को अंधा बना देती है। याद रखें कि यह कमजोरी का आह्वान नहीं है, बल्कि समझदारी की याद दिलाता है। न्याय को दृढ़ रहना चाहिए, लेकिन मानवता को कभी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। हम अपने देश से बहुत प्यार करते हैं और फिर भी अपने दिलों में करुणा बनाए रख सकते हैं।

### द. अफ्रीका के टेस्ट कोच शुकरी कॉनराड को मिली नई जिम्मेदारी, टी20 और वनडे टीम को भी देंगे कोचिंग

**एजेंसी**

नई दिल्ली। शुक्रवार को क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के निदेशक एनोच एनक्वे ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि शुकरी का टेस्ट टीम के साथ रिकॉर्ड शानदार रहा है। अब वह टी20 और वनडे टीम को भी अपनी सेवाएं देंगे।दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कोच शुकरी कॉनराड को सीमित ओवर प्रारूप की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह अब तीनों प्रारूपों में टीम को कोचिंग देते नजर आएंगे। शुक्रवार को क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के निदेशक एनोच एनक्वे ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि शुकरी का टेस्ट टीम के साथ रिकॉर्ड शानदार रहा है। अब वह टी20 और वनडे टीम को भी अपनी सेवाएं देंगे।शुकरी से पहले रॉब वाल्टर दक्षिण अफ्रीक टीम के सीमित ओवर प्रारूप में कोच थे।

## तुर्किये और अजरबैजान के लिए हवाई टिकट की बुकिंग बंद, यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर यात्रा के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग प्लेटफार्म ने तुर्किये और अजरबैजान के बीच हवाई टिकटों की बुकिंग बंद कर दी गई है। इसके साथ ही यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। यात्रियों को तुर्किये और अजरबैजान की यात्रा न करने की सलाह दी गई है। बताया जा रहा है कि दोनों देश पाकिस्तान का समर्थन कर रहे हैं। इसके अलावा भारतीयों से संवेदनशील क्षेत्रों की यात्रा की योजना बनाने से पहले सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। ऑनलाइन टिकट बुकिंग प्लेटफार्म कॉक्स एंड किंग्स ने कहा कि हमने अजरबैजान, उज्बेकिस्तान और तुर्किये के लिए सभी यात्रा टिकट बुकिंग को अस्थायी रूप से रोकने का फैसला किया है। कॉक्स एंड किंग्स के निदेशक करण अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय हमारे और देश के लोगों के लिए महत्वपूर्ण सिद्धांतों को बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता से प्रेरित है। हम भारतीय यात्रियों को भी सलाह देते हैं कि वे हालात को देखते हुए बहुत जरूरी न होने तक इन देशों की यात्रा से बचें।ईजमाई ट्रिप ने एक्स पर यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया कि पहलगाम हमले और भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बाद यात्रियों से सतर्क रहने की अपील की जाती है। तुर्किये और अजरबैजान ने पाकिस्तान के लिए समर्थन दिखाया है। इसलिए हम सलाह देते हैं कि यात्री केवल तभी यात्रा करें जब बहुत आवश्यक हो। ईजमाई ट्रिप के संस्थापक और अध्यक्ष निशांत पिट्टी ने कहा कि हम मौजूदा हालात को लेकर बेहद चिंतित हैं। उन्होंने अपने सभी ग्राहकों को अत्यधिक सावधानी बरतने और संवेदनशील क्षेत्रों की यात्रा की योजना बनाने से पहले आधिकारिक यात्रा सलाह से अपडेट रहने की सलाह दी है।ट्रावोमिंट कंपनी ने भी तुर्किये और अजरबैजान के बहिष्कार के आह्वान का समर्थन किया।

## देश का ट्रांसपोर्टर हर सेवा देने को तैयार, कैट तय करेगा आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान में चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच देश का हर वर्ग केंद्र सरकार और भारतीय सेना के साथ डटकर



खड़ा हो गया है। सभी लोग अपनी सेवाएं देकर इस माहौल में अपने देश को मजबूत करने में जुट गए हैं। ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने कहा है कि उनके सभी ट्रक सेना का हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं। कैट ने भरोसा जताया है कि इस आपातकाल में देश में किसी भी आवश्यक वस्तु की कमी नहीं होने दी जाएगी। केंद्र सरकार ने देश को भरोसा दिलाया है कि इस समय देश की आवश्यकता की हर सामग्री उचित मात्रा में उपलब्ध है और किसी भी वस्तु की उपलब्धता को लेकर कोई संकट नहीं है। सरकार ने लोगों से यह भी अनुरोध किया है कि वे किसी भी वस्तु का अनावश्यक संग्रह न करें। इससे वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में परेशानी होती है। ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने कहा है कि इस संकट के समय में वे देश की हर संभव सेवा देने के लिए तैयार हैं। देश के किसी हिस्से में किसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने से लेकर बॉर्डर पर रसद या कोई अन्य सामग्री पहुंचाने की बात हो, उनके संगठन से जुड़ा हर ट्रांसपोर्टर अपनी सेवाएं देने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि वस्तुओं के आवागमन को लेकर किसी भी तरह की समस्या नहीं आने दी जाएगी और सरकार के एक कॉल पर वे हर प्रकार की सेवा देने के लिए तैयार हैं।व्यापारियों के संगठन कैट ने भी देश को आश्वस्त किया है कि इस आपातकाल में किसी भी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। सभी व्यापारियों ने तय किया है कि इस आपातकाल में किसी भी वस्तुओं के मूल्य में अनावश्यक बढ़ोतरी नहीं होने दी जाएगी जिससे देश के सामान्य नागरिक या सेनाओं को किसी वस्तु की कमी न पड़े।

## आर्सेनल को हराकर PSG चैंपियंस लीग के फाइनल में, इंटर मिलान से खिताबी मुकाबला

**एजेंसी**

नई दिल्ली। पीएसजी दूसरी बार यूरोप के इस शीर्ष क्लब टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंचा है। वह पांच साल पहले उपविजेता रहा था। उसने सुपरस्टार किलियन एमबाप्पे के रियाल मैड्रिड से जुड़ने के बाद पहले सत्र में ही यह कारनामा किया।पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने एक के बाद एक




हमलों का डटकर सामना करते हुए आक्रामक अंदाज में खेल रहे आर्सेनल को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में उसका सामना इटैलियन क्लब इंटर मिलान से होगा।सेमीफाइनल के पहले चरण में 1-0 से जीत हासिल करने वाली पीएसजी की टीम को शुरू में गेंद पर कब्जा करने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन जवाबी हमलों और गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा के शानदार प्रदर्शन से उसने 3-1 के कुल स्कोर के साथ जीत हासिल करके शान से फाइनल में जगह बनाई।पीएसजी दूसरी बार यूरोप के इस शीर्ष क्लब टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंचा है। वह पांच साल पहले उपविजेता रहा था। उसने सुपरस्टार किलियन एमबाप्पे के रियाल मैड्रिड से जुड़ने के बाद पहले सत्र में ही यह कारनामा किया। पीएसजी के कोच लुई एनरिक ने कहा, 'मैंने पहले दिन से कहा था कि हमारा लक्ष्य इतिहास बनाने की स्थिति में आने के लिए पर्याप्त मेहनत करना है। यही हमारा लक्ष्य है।'फ्रांस का यह क्लब 31 मई को म्यूनिख में होने वाले फाइनल में इंटर मिलान से भिड़कर अपने पहले चैंपियंस लीग खिताब के लिए फिर से प्रयास करेगा।

## धर्मशाला में मैच रद्द होने के बाद बोले दर्शक 'जो हमसे टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा'

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य कार्रवाई के बीच बुधवार को धर्मशाला में खेला जा रहा पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स सुरक्षा कारणों से रद्द कर दिया गया। पड़ोसी शहर जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद आईपीएल मैच बीच में ही रद्द कर दिया गया। पंजाब की टीम 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना चुकी थी जब लाइटें चली गईं लेकिन इसका कारण पहले 'फ्लडलाइट' की खराबी बताया गया था। बारिश के कारण खेल निर्धारित समय से देरी से शुरू हुआ था। आखिरकार टीमों और दर्शकों को उनकी सुरक्षा के लिए स्टेडियम से बाहर निकाला गया। धर्मशाला के खूबसूरत मैदान की क्षमता लगभग 23,000 है और खाली कराए जाने के समय यह लगभग 80 प्रतिशत भरा हुआ था।हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'दर्शकों में कोई घबराहट नहीं थी। उन्हें (दर्शकों और खिलाड़ियों को) बहुत सावधानी से और सुरक्षित रूप से स्टेडियम से बाहर ले जाया गया।' मैदान से बाहर निकलने के बाद फैंस पाकिस्तान के खिलाफ प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

# समाजवादी पार्टी कार्यालय गोरखपुर में प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का भव्य स्वागत

## संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण की रक्षा के लिए पीडीए सरकार का आह्वान



गोरखपुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के गोरखपुर आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सपा के बेतियाहाता स्थित कार्यालय पहुंचने पर जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम, महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी समेत भारी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए श्याम लाल पाल ने संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण बचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की सरकार बनना तय है। यह सरकार सामाजिक न्याय के साथ-साथ विकास और खुशहाली सुनिश्चित करेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर सीधा हमला करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार पीडीए समाज का शोषण कर रही है, आरक्षण छीन रही है और लगातार अपमानित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है और अपराधी सत्ता के संरक्षण में खुलेआम घटनाएं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार में किसानों, नौजवानों और महिलाओं सहित सभी वर्गों के लिए ठोस कार्य हुए थे। पार्टी फिर से सरकार में आकर समानता और विकास का वातावरण तैयार करेगी। बैठक में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम, महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी, डॉ. मोहसिन खान, रामनाथ यादव, अवधेश यादव, मिर्जा कदीर बेग, बृजनाथ मौर्य, मुन्नीलाल यादव, कीर्ति निधि पांडेय, राहुल गुप्ता, रफिउल्लाह सलमानी, सुमन पासवान, कमल किशोर यादव, धर्मेन्द्र यादव, बीएल साहनी, अनिल भारती, आजम लारी सहित दर्जनों प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# भारतीय सेना की कार्रवाई पर नागरिकों ने हर्ष जताया

उनवल। खजनी तहसील पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए देश के 26 निर्दोष नागरिकों का बदला लेने के लिए। भारत सरकार के निर्देश पर भारतीय सेना द्वारा सीमा पार पाकिस्तान में आतंकवादियों के 9 ठिकानों पर हमला कर उसे तबाह



करने वाली भारतीय सेना के अदम्य शौर्य, पराक्रम और वीरता पर, आज नगर पंचायत उनवल टेकवार चौराहे (अम्बेडकर मूर्ति के सामने), पर पटाखे फोड़ कर और मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। वंदे मातरम, भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए जोश से भरे युवा कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना और मोदी जी को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय सेना ने आज आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों की मौत का बदला ले लिया है। उनवल में सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा के मण्डल अध्यक्ष इन्द्र कुमार निगम ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला ले लिया है। भारतीय सेना ने अपने अदम्य शौर्य,साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तान में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करते हुए देश के मान सम्मान की रक्षा की है हमारी सेना ने पाकिस्तान के आतंकवादियों को बता दिया है कि अगर तुमने धर्म पूछ कर मारा है तो हम घर में घुस के मारेंगे। इस अवसर पर इंद्रकुमार निगम, योगेन्द्र साहनी,अवधेश गुप्ता, रबिन्द्र गुप्ता, देवेंद्र यादव,आदर्श राम त्रिपाठी,देवानन्द,विनय कुमार, अशोक यादव, पासवान,रामवृक्ष सिंह, दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# बारी समाज के लिए विशेष अपील - जातीय जनगणना में सही कोड अंकित कराएं: राधेश्याम रावत



गोरखपुर। नगर निगम वार्ड हुमायूंपुर के पार्षद राधेश्याम रावत ने बारी समाज के सभी बंधुओं से जातीय जनगणना को लेकर एक विशेष अपील की है। उन्होंने कहा है कि भारत सरकार द्वारा जातीय जनगणना में 215 जातियों को सम्मिलित किया गया है, जिसमें बारी जाति को कोड संख्या 125 आवंटित किया गया है। राधेश्याम रावत ने समस्त बारी समाज के लोगों से अनुरोध किया है कि जब भी कोई सरकारी कर्मचारी या जनगणना कर्मी आपके घर जातीय विवरण दर्ज करने आए, तो आप अपनी जाति "बारी" को कोड 125 में ही दर्ज कराएं। यह सुनिश्चित करना समाज के हित और भविष्य की योजनाओं में प्रतिनिधित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि हम सब संगठित रूप से सही कोड में अपना विवरण दर्ज कराएंगे, तभी हमारी जाति की सही संख्या और उपस्थिति सरकार के सामने आएगी, जिससे आरक्षण, सरकारी योजनाओं और अन्य सामाजिक लाभों में भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी। अंत में पार्षद राधेश्याम रावत ने अपील की कि इस संदेश को देशभर के हर बारी परिवार तक अवश्य पहुँचाया जाए, ताकि कोई भी इस महत्वपूर्ण जानकारी से वंचित न रह जाए।

# युवक ने पाकिस्तान के समर्थन में लगाया ऐसा स्टेटस, लोगों ने पकड़कर की धुनाई, मोहल्ले में तनाव व्याप्त

**संवाददाता**

गोरखपुर। पाकिस्तान से तनातनी के माहौल के बीच उत्तर प्रदेश के संतकबीरनगर के विधियानी मोहल्ले में नाई की दुकान चलाने वाले एक युवक ने पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट लगाकर अपने स्टेटस पर डाल दिया। इसके बाद मोहल्ले के राष्ट्रवादी लोगों के बीच आक्रोश हो गया। सुबह साढ़े आठ बजे के करीब आक्रोशित जनता ने उसे पकड़ लिया और उसकी धुनाई कर मुकामी पुलिस को सौंप दिया। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के सहसराव माफी गांव का एक युवक रोजन अली विधियानी मोहल्ले में रहता है और नाई का काम करता है। बृहस्पतिवार की सुबह उसने अपने व्हाट्सअप पर पांच स्टेटस लगाए। इन स्टेटस में लिखा था कि पाकिस्तान के साथ युद्ध के बाद क्या होगा। इसमें उसने अमिताभ



बच्चन, सैफ अली खान, सलमान खान, करीना कपूर समेत कई फिल्म अभिनेताओं के हाथ में पाकिस्तान का झंडा लेकर लहराते हुए दिखाया था। यह लिखा गया था कि पाकिस्तान आफ्टर वार..., एक स्टेटस में सफेद रंग की पाकिस्तान लिखी हुई टीशर्ट पहने हुए स्टेटस लगाया था और हाथ में नंगी तलवार थी। यह स्टेटस धीरे-धीरे पूरे नगर में फैल गया। इसके बाद राष्ट्रवादी युवाओं की टीम उसके घर पर पहुंची और उसे पकड़ लिया। स्टेटस लगाने का मकसद पूछने पर उसने कहा कि मेरी जैसी मर्जी होगी वह करुंगा। उसने यहां तक कह दिया कि इस धरती पर युद्ध के बाद पाकिस्तान पर कब्जा होगा। यह सुनकर लोग आक्रोशित हो गए और उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली खलीलाबाद की पुलिस आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया और लोगों से शांत रहने की अपील भी की। वहीं युवक के पिटाई का वीडियो भी वायरल हो रहा है। हालांकि संवाद न्यूज एजेंसी इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े कार्यकर्ता शुभम राय ने बताया कि जब उससे पूछा गया कि उसने ऐसा क्यों किया है, तो भारत पाकिस्तान पर बम गिरा रहा है, जिससे वहां के लोग मर रहे हैं। इसी को लेकर इस प्रकार का स्टेटस डाला है। उसको यह कार्य करने के लिए विधियानी के कुछ लोगों ने रात में कहा था। उन्हीं के कहने पर यह स्टेटस लगाया था। ऐसे लोगों की भी खोज की जानी चाहिए, तथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान विधियानी मोहल्ले के मुस्लिम समुदाय के भी काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए थे। लोगों का कहना था कि उसने अज्ञानतावश ऐसा कर दिया था। उसकी तरफ से हम लोग माफी मांगते हैं। हम लोग हिन्दुस्तान के हैं और पाकिस्तान को प्रेम करने वालों से हमारा कोई संबंध नहीं है। मुस्लिम समुदाय के बुजुर्गों ने भी माफी मांगी। इसके बाद लोगों का क्रोध शांत हो सका। विधियानी के एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के झंडे के साथ पोस्टर बनाकर डाला गया था। स्टेटस पर पाकिस्तान आफ्टर वार लिखा गया था। युवक की पहचान कर ली गई है। उसको हिरासत में ले लिया गया है तथा उसपर केस दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# विद्वत परिषद की कार्यशाला सरस्वती शिशु मन्दिर, पक्कीबाग, गोरखपुर में सम्पन्न

गोरखपुर। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित शिशु शिक्षा समिति गोरक्ष प्रान्त की विद्वत परिषद



की एक दिवसीय प्रान्तीय कार्यशाला सरस्वती शिशु मन्दिर, पक्कीबाग गोरखपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। कार्यशाला में राम सिंह जी, प्रदेश निरीक्षक शिशु शिक्षा समिति गोरक्ष प्रान्त ने अपने प्रेरक उद्बोधन में शिक्षा में नैतिक मूल्यों का महत्व व अन्य प्रासंगिक विषयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा किसी देश की व्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिस देश की जैसी शिक्षा व्यवस्था होगी वह राष्ट्र वैसा ही होगा। इसी परिपेक्ष में शिशु मंदिर में विद्वत परिषद का गठन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना तथा शिक्षा के माध्यम से समाज में भारतीय विमर्श को स्थापित करना है। साथ ही उन्होंने पांच कर्तव्य याद दिलाया कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता तथा स्वयं का बोध। उन्होंने कहा कि विद्यालय सामाजिक चेतना का केंद्र होता है। प्रान्त संयोजक श्री राज बिहारी विश्वकर्मा ने पी.पी. टी. के माध्यम से विद्वत परिषद के कार्य को रेखंकित किया। अपने विचार साझा करते हुए सामाजिक एकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक समाज के लोगों को विद्वत परिषद से जोड़ा जाए, उनकी सूची बनाई जाए। परिषद के माध्यम से समाज की दशा एवं दिशा तय होती है। परिषद में अधिक से अधिक मातृशक्ति को जोड़ा जाए समाज की सोच को ध्यान में रखकर परिवर्तन एवं प्रचार प्रसार किया जाए। टोली बनाकर मोहल्ला एवं नगर को अवगत कराया जाए। वर्तमान में समाज में उत्पन्न हुई भ्रांतियों को दूर किया जाए साथ ही उन्होंने अनेक बिंदुओं पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राजेश सिंह ने कहा कि विद्वत परिषद ने इस कार्यशाला के माध्यम से शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। संगठन भविष्य में भी इस तरह के प्रेरक और ज्ञानवर्धक आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयासरत रहेगा। उन्होंने कहा, ह्यइस कार्यशाला हमारी शिक्षा प्रणाली को सशक्त बनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर गोरक्ष प्रांत में चलने वाले समस्त विद्यालयों के विद्वत प्रमुख आचार्य उपस्थित रहे तथा अपने विचार रखें।

# Indian Army's Response to Pakistan's Inhuman Acts Praiseworthy – A.K. Singh

Gorakhpur | A meeting was organized today at the



headquarters of the North Eastern Railway Employees Union at the Divisional Office to show support for the valor and strategic operations of the Indian Army. The event was presided over by union president Madhav Prasad Sharma.““In his address, Madhav Prasad Sharma applauded the courage and determination of Indian soldiers, emphasizing that the entire nation stands firmly with the armed forces and the government. "Pakistan has provided us an opportunity," he said, "and we should move forward, demonstrating our striking capabilities."

Speaking on the occasion, union general secretary Arvind Kumar Singh strongly condemned Pakistan's vile and inhumane actions and praised the Indian Army's swift and fitting response. "The Indian Army is a disciplined, responsible, and humanitarian force. It is among the most powerful militaries in the world. While we have never been aggressors, if provoked, we have always responded with full force — as seen in 1965, 1969, 1971, and 1999," he said.““He further noted that despite knowing it cannot match India's strength, Pakistan continues to provoke. "This is largely due to China's backing. China sees India gaining global influence through its intellectual strength and emerging as a major power, challenging China across various spheres," he added.

A.K. Singh highlighted the precision and power of the Indian military's recent joint strikes on Pakistani targets, calling them a small glimpse of the army's capability. He urged citizens to rely solely on official military press briefings for accurate information about conflict situations. "Unfounded speculations and media sensationalism for TRP mislead the public and betray the nation," he said, calling for regulation of irresponsible social and mainstream media platforms.““Other attendees including R.P. Bhatt, V.K. Rai, Gajendra Mishra, Shailesh Srivastava, D.K. Tiwari, Vineet Kumar Singh, Devendra Yadav, Ramkripal Sharma, Manoj Kumar Dwivedi, Vishw Prakash Mishra, Rajiv Rai, Rajiv Kumar Singh, Satyendra Singh, Bikram, Umesh Singh, Asif Mekrani, Parvez Khan, Vijay Pathak, Nishant Yadav, and Vinay Yadav unanimously expressed appreciation for the Indian Army's valor and commitment.

# He claimed 'astral projection' led him to murder family : 8 years later, Kerala court rules man was motivated by anger, video games

Thiruvananthapuram | Police brings Cadell Jeansen Raja, accused in the Nanthancode murder case, to the crime scene for investigation in Thiruvananthapuram on Thursday.A still from 2017 when the police brought Cadell Jeansen Raja, accused in the Nanthancode murder case, to the crime scene for investigation in Thiruvananthapuram. A court in Thiruvananthapuram Monday found a 35-year-old man guilty of killing his parents, sister and aunt at their home in Kerala's capital city over three days in 2017. While Cadell Jeansen Raja had initially claimed that he was mentally ill and that the murders were part of an occult experiment, the prosecution established that the crime was meticulously planned and was motivated by his resentment towards his family. He was dispirited after an unfinished



engineering course abroad, angered by his isolated life within his wealthy family home, and motivated by violent video games and other online material, the prosecution said. On the night of April 8, Cadell set the bodies of his father, mother and sister on fire. However, the fire got out of control and he fled, going all the way to Chennai, almost 800 km away. On the night of April 8, 2017, Cadell set the bodies of his father, mother and sister on fire. However, the fire got out of control and he fled, going all the way to Chennai, almost 800 km away. The court dismissed his claim of having been mentally unsound. His quantum of punishment will be announced by the Additional Sessions Court-VI on Tuesday. The victims were Cadell's father Raja Thankam, 60, a retired college professor, mother Jean Padma, 58, a leading doctor, sister Caroline, 26, and maternal aunt Lalitha, 70, who all lived in the same house. The prosecution said Cadell was angry at allegedly not being allowed to carry out his studies the way he wanted to and not being allowed to interact with his friends. He was also purportedly angry at his father's way of life. Initially after the killings, Cadell had claimed that he committed the murders as part of an experiment to witness "astral projection", which involved the belief among some that the spirit can move outside the body. He claimed he wanted to watch the souls of his victims departing their bodies. However, with the help of a psychiatrist, police said they found the reasons for the killing spree were much less spiritual. Cadell had returned from Australia in 2009 without completing the engineering course that he had gone there to take. He then felt he was neglected in the family. Over the years, hatred towards the family had been building up in his mind before culminating in the murders, the prosecution said. On April 5, Cadell took his parents and sister to his room on the first floor of his house, one after another, telling them he wanted to show them a new video game that he claimed to have made. In the room, he hit them with a machete that he had purchased online. For the next 48 hours, his maternal aunt Lalitha, who suffers from a partial visual impairment, lived on the ground floor of the house without realising what had happened upstairs. After that.

# Fortis Hospital Launches Thalassemia Clinic in Collaboration with Annapurna Hospitals

Gorakhpur | In a significant move to strengthen community healthcare in Eastern Uttar Pradesh, Fortis Memorial Research Institute (FMRI), Gurugram, in collaboration with Annapurna Hospitals, Gorakhpur, has inaugurated a dedicated Thalassemia Clinic in the city.

The clinic aims to provide comprehensive diagnostic and treatment services related to Thalassemia, a genetic blood disorder that can be managed effectively with timely




intervention and awareness. This initiative is expected to provide much-needed medical resources for patients and their families in the region.

The official launch ceremony was graced by the Hon'ble Mayor of Gorakhpur, Dr. Manglesh Srivastava, along with Dr. Rahul Bhargava, Principal Director and Chief of Hematology, Hemato-Oncology & Bone Marrow Transplant at Fortis Hospital, Gurugram. The event also saw the presence of Dr. Rajesh Gupta, Senior Pediatrician and Director of Annapurna Hospital, Dr. Meenakshi Gupta, Senior Gynecologist, and Dr. Rishabh Gupta, Gastroenterologist at Annapurna Hospital.

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, शक्ति शंकर द्वारा फाईन आफसेट प्रिंटर्स मदरसा हुसैनिया बिल्डिंग बक्शीपुर, जनपद–गोरखपुर से मुद्रित कराकर, मुहल्ला–द्वितीय तल पुष्पांजलि काम्प्लेक्स शाही मार्केट, गोलघर, जनपद–गोरखपुर से प्रकाशित।
प्रधान संपादक :
शक्ति शंकर
मो नं.
7233999001
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गोरखपुर न्यायालय होगा।